म.प्र. राज्य ओपन स्कूल, भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन
शिवाजी नगर, भोपाल – 462011

Phone : 0755 - 2553546
Fax No. : 0755 - 2552106
Web Site : www.mpsos.nic.in
E-Mail : mpsos@rediffmail.com

क्रमांक / एस.ओ.एस. / प्रवेश. / 2010 / 660 भोपाल, दिनांक 1-12-10

प्रति,

प्राचार्य / अध्ययन केन्द्र प्रभारी

....

....

विषय : सत्र 2010 के प्रवेश आवेदन फार्म भेजने हेतु निर्देश।

उपरोक्त विषय में म.प्र. राज्य ओपन स्कूल के हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी साान्य / क्रेडिट) प्रवेश आवेदन फार्म आपके अध्ययन केन्द्र से अग्रेषित कर आनलाईन कराये जा रहे है। इन प्रवेश आवेदन फार्म को आपके अध्ययन केन्द्र पर जमा कर निम्न प्रकिया उपरांत कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करें।

1. दिनांक 15.12.2010 तक एम. पी.आनलाईन के माध्यम से भरे गये समस्त प्रवेश आवेदन फार्म जो आपके विद्यालय में प्राप्त हुये हैं उनकी सूची कक्षावार (हाईस्कूल / हायरसेकेण्डरी),अलग–अलग बंडल बना कर फार्म संख्या सहित पत्र के माध्यम से कार्यालय में दिनांक 20.12.2010 भेजना सुनिश्चित करें।
2. प्रवेश आवेदन फार्मों के साथ दिनांक – 15.12.2010 तक विकय किये गये समस्त प्रवेश आवेदन फार्मो की विकय राशि संचालक म. प्र. राज्य ओपन स्कल, भोपाल के नाम से ड्राफ्ट बनाकर प्रेषित करें। यदि पूर्व में प्रवेश आवेदन फार्मों की विकय राशि कार्यालय में ड्राफ्ट के माध्यम से जमा कराया गया है तो उनका विवरण भी देवें।यदि केन्द्र पर कोरे प्रवेश फार्म (बिना विकय किए) बचे हो तो उसे म.प्र.राज्य ओपन स्कूल के कार्यालय को भेजें।
3. प्रवेश आवेदन फार्मों को भेजते समय यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक प्रवेश आवेदन फार्म पर आपके द्वारा अभ्यार्थी का छाया चित्र प्रमाणित कर एवं प्रवेश आवेदन फार्म के निर्धारित स्थान पर प्रमाणीकरण कर पद मुद्रा अंकित की गई हो, विद्यार्थी द्वारा पूर्ण शुल्क देय हो, शुल्क पावती (एम. पी.आनलाईन से प्राप्त), प्रवेश आवेदन फार्म के साथ पात्रता संबंधी समस्त अभिलेख एवं स्वयं के पते लिखे दो लिफाफे निर्देशानुसार संलग्न करना अनिवार्य होगा। उपरोक्त की पूर्ति उपरान्त ही फार्म इस कार्यालय को अग्रेषित करें।
4. यदि किसी विद्यार्थी द्वारा भूलवश पूर्ण शुल्क नहीं भरा गया है तो उनका विवरण सूची बनाकर प्रवेश आवेदन फार्म के साथ भेजना भी सुनिश्चित करें।
5. अग्रेषित किये गये प्रवेश आवेदन फार्म का अग्रेषण शुल्क 15/–प्रतिफार्म के मान से ड्राफ्ट के माध्यम से संचालक म.प्र.राज्य ओपन स्कूल के नाम से भेजना सुनिश्चित करें।
6. म.प्र. राज्य ओपन स्कूल द्वारा हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी में प्रवेश लेने वाले अभ्यार्थियों की सामान्य शुल्क के साथ प्रवेश आवेदन फार्म जमा करने की तिथि सामान्य शुल्क के साथ 10.12.2010 की जा रही है। एवं 250/– विलम्ब शुल्क के साथ दिनांक 11.12.2010 से 15.12. 2010 तक जमा किये जा सकेंगें, 500/– रू.विलम्ब शुल्क के साथ प्रवेश आवेदन फार्म जमा नहीं किये जावेंगे।

संचालक

म.प्र. राज्य ओपन स्कूल, भोपाल

पृ.क्र. / एस.ओ.एस. / प्रवेश. / 2010 /

भोपाल, दिनांक

प्रतिलिपि :

समस्त जिला अधिकारी की ओर सूचनार्थ।

संचालक

म.प्र. राज्य ओपन स्कूल, भोपाल